TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

13 अक्टूबर 2024

Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

प्रेम की शक्ति दंड की शक्ति से हजार गुनी प्रभावशाली और स्थायी होती है।

**महात्मा गांधी**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 13 अक्टूबर

1. **ग्रीनवीच मीन टाइम मानक की स्थापना–** 13 अक्टूबर, 1923 ई. को ही यह तय किया गया था कि ग्रीनवीच मीन टाइम दुनिया का मानक समय होगा। यहाँ से गुजरने वाली काल्पनिक भौगोलिक रेखा को 'प्राइम मैरिडियन' या शून्य देशान्तर' कहा जाता है। ग्रीनवीच दक्षिण–पूर्वी लंदन का एक हिस्सा है।
2. **सी. के. नायडू का जन्म–** भारत के क्रिकेट टीम के प्रथम टेस्ट कप्तान सी. के. नायडू (कोट्टेरी कनकैया नायडू) का जन्म 13 अक्टूबर, 1895 ई. को नागपुर, महाराष्ट्र में हुआ था। भारत के प्रथम टेस्ट मैच में वे भारतीय टीम के कप्तान थे। यह मैच वर्ष 1932 में इंग्लैंड के विरूद्ध खेला गया था। वे अपनी बेहतरीन फिटनेस के लिए भी जाने जाते हैं। उन्होंने 68 बर्ष की उम्र में अपना अंतिम मैच खेला था। अपने लम्बे कद–काठी और मजबूत शारीरिक बनावट के कारण होल्कर महाराज ने उन्हें अपनी सेना में कैप्टन बनाया और यहीं से कर्नल सी. के. नायडू बन गए। वर्ष 1956 में भारत सरकार द्वारा 'पद्म भूषण' पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
3. **तुर्की की नई राजधानी अंकारा–** मुस्तफा कमाल पाशा की सरकार द्वारा 13 अक्टूबर, 1923 ई. को इंस्ताबुल की जगह अंकारा को तुर्की की नई राजधानी बनाया गया। अंकारा का भी प्राचीन नाम 'अंगोरा' था जिसे 28 मार्च, 1930 को बदल दिया गया था।
4. **गैस मास्क की खोज–** गैरेट मोर्गन ने 13 अक्टूबर, 1914 ई. को गैस मास्क की खोज करके उसका पेटेंट करवाया था।
5. **अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस–** प्राकृतिक आपदाएं दुनिया के लगभग सभी देशों में आती हैं। इनमें चक्रवात, भूकंप, सुनामी, भूस्खलन, वनाग्नि, हिमस्खलन, बादल फटना, अतिवृष्टि, सुखाड़ आदि शामिल हैं। कुछ आपदाएं मानव जनित कारणों से भी घटित होती हैं इनमें विस्फोट, अगलगी, दुर्घटना आदि प्रमुख है। यह दिवस विश्व में आपदा से बचाव व जोखिम प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 13 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिवस की शुरूआत संयुक्त राष्ट्र महासभा के द्वारा वर्ष 1989 में की गई थी। पहले यह दिवस प्रत्येक वर्ष अक्टूबर माह के पहले बुधवार को मनाया जाता था। लेकिन वर्ष 2009 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 13 अक्टूबर को मनाये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया।
   - **संदर्भः** बच्चों को मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम **(सुरक्षित शनिवार)** से जोड़कर बतायें।
   - **क्या करें?** आपदा की स्थिति में बचाव के लिए मॉक ड्रिल, चर्चा, योजना निर्माण आदि करें।

Sunday

मधु प्रिया

# अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस 13 अक्टूबर




अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस हर वर्ष 13 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य जोखिम जागरूकता और आपदा न्यूनीकरण की वैश्विक संस्कृति को बढ़ावा देना है। इस दिवस की शुरुआत 1989 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा की गई थी ।न्यूनीकरण खतरों को आपदाओं में पूरी तरह विकसित होने से रोकने या घटित होने की स्थिति में आपदाओं के प्रभाव को कम करने का प्रयास न्यूनीकरण कार्यवाही है। इस वर्ष का अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस आपदाओं और असमानता के बीच संबंध को संबोधित करता है। आपदाएँ और असमानता एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। प्रत्येक प्रतिकूलता दूसरे को मजबूत करती है: सेवाओं तक असमान पहुंच आपदाओं के खतरे के प्रति सबसे कमजोर लोगों को उजागर करती है। जबकि आपदाओं के प्रभाव असमानताओं को बढ़ाते हैं और सबसे अधिक जोखिम वाले लोगों को गरीबी में धकेल देते हैं। चूंकि आपदाओं के उच्च जोखिम वाले अधिकांश देश राष्ट्रीय गरीबी रेखा के नीचे रहने वाली आबादी का सबसे बड़ा हिस्सा वाले देशों में से हैं, आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनडीआरआर) लोगों को आपदा के चक्र को तोड़ने और बढ़ने के लिए कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहित करता है। असमानता कार्रवाई को संगठित करने के लिए, संयुक्त राष्ट्र एजेंसी आपदाओं की क्रूर असमानता के बारे में जागरूकता बढ़ा रही है। यह एक लचीले भविष्य के लिए असमानता से लड़ने का आह्वान करता है, जो 2023 के उत्सव का विषय है। इस दिन की थीम सेंडाई फ्रेमवर्क के अनुरूप है, जो जीवन, आजीविका, अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे में नुकसान को रोकने और कम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समझौता है। इस संधि में प्रगति को मापने के लिए सात वैश्विक लक्ष्य और 38 संकेतक हैं और यह जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते का पूरक है, जिसमें सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए दोनों रूपरेखाएँ आपस में जुड़ी हुई हैं। यह उत्सव आपदा जोखिम न्यूनीकरण 2015-2030 के लिए सेंडाई फ्रेमवर्क की मध्यावधि समीक्षा के तुरंत बाद होता है , जहां मई 2023 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने आपदा लचीलापन को मजबूत करने के लिए कार्रवाई में तेजी लाने के लिए एक राजनीतिक घोषणा को अपनाया था।

## जयंती विशेष 13 अक्टूबर

राकेश कुमार




**कोट्टारी कंकैया नायडु** *Cottari Kanakaiya Nayudu*, जन्म- 13 अक्टूबर, 1895, नागपुर, महाराष्ट्र; मृत्यु- 14 नवम्बर, 1967, इन्दौर) भारत की क्रिकेट टीम के प्रथम टेस्ट कप्तान रहे थे। सी. के. नायडू उस उम्र तक क्रिकेट खेलते रहे, जिसके बारे में सोचना भी आज के खिलाड़ियों के लिए दिवास्वप्न है।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 13.10.2024

## ऋचा

पद्य में रचे हुए वेद के श्लोकों (मंत्रों) को ऋचा कहते हैं। 'ऋचा' की व्युत्पत्ति 'ऋक्' से हुई है जिसका अर्थ 'प्रशंसा करना' है। जैसे ऋग्वेद ऋचाओं का संग्रह हैं, इसमें 10 मंडल,1028 सूक्तियां एवम् 10462 ऋचाएं हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



भारत आने वाले कुछ सालों में **स्मार्टफोन** के निर्यात को पूरी तरह से **बंद** कर देगा। देश में **इस्तेमाल** किए जाने वाले लगभग सभी **स्मार्टफोन** अब भारत में बनाए जाएंगे।

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## CRICKET

## टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-5 बैटर

| | | |
|---|---|---|
| 1 | सचिन तेंदुलकर | 15921 |
| 2 | रिकी पोंटिंग | 13378 |
| 3 | जैक कैलिस | 13289 |
| 4 | राहुल द्रविड़ | 13288 |
| 5 | जो रूट | 12473* |

## टेस्ट में टॉप-5 स्कोर

| स्कोर | टीम | खिलाफ | कब |
|---|---|---|---|
| 952/6 d | श्रीलंका | भारत | 1997 |
| 903/7 d | इंग्लैंड | ऑस्ट्रेलिया | 1938 |
| 849 | इंग्लैंड | वेस्टइंडीज | 1930 |
| 823/7 d | इंग्लैंड | पाकिस्तान | 2024 |
| 790/3 d | वेस्टइंडीज | पाकिस्तान | 1958 |

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 465

## तुलबुल नदी परियोजना किस राज्य में स्थित हैं?

A. जम्मू और कश्मीर

B. कर्नाटक

C. हिमाचल प्रदेश

D. छत्तीसगढ़



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: A





## जयंती पर नमन।

# कोट्टरी कनकैया नायडू

**13 अक्टूबर 1895 - 14 नवम्बर 1967**



www.teachersofbihar.org

Madhu priya



अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस
आपदाओं के जोखिम में कमी लाने की
जागरूकता फैलायें और सुरक्षित रहें
13 अक्टूबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
www.teachersofbihar.org
Madhu priya




www.teachersofbihar.org